देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 24.04.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने केदारधाम धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- फायर सीजन को लेकर वन विभार्ग सतर्क। विभाग ने चारधाम यात्रा पर आ रहे तीर्थयात्रियों से जंगल में आग दिखने पर तुरंत टोल फ्री नंबर–1926 पर सूचना देने की अपील की।
- टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
- चम्पावत जिले के प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी की अध्यक्षता में हुई जिला योजना की बैठक में 76 करोड़ 91 लाख रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं को मंजूरी दी गई।

केदारनाथ व्यवस्था

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए प्रदेश सरकार ने व्यापक इंतजाम किए हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा को और अधिक सुगम व व्यवस्थित बनाने के लिए रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कल देर शाम केदारधाम धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने यात्रा से जुड़े विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने यात्रा का फीडबैक लिया और अधिकारियों के अनुभवों को सुनते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत और अन्य विभाग के कार्मिकों को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी शिकायत पर 10 मिनट के भीतर संबंधित व्यक्ति से संपर्क कर समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वन विभाग

प्रदेश में फायर सीजन को देखते हुए वन विभाग सतर्क है। विभाग ने चारधाम यात्रा पर उत्तराखंड आ रहे सभी तीर्थयात्रियों से भी अपील की है कि अगर यात्रा मार्ग में कहीं पर भी कोई जंगल में आग लगी देखता है, तो उसकी सूचना तुरंत वन विभाग के टोल फ्री नंबर 1926 पर दें, ताकि वन संपदा को नुकसान से बचाया जा सके। मुख्य वन संरक्षक, वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन, सुशांत कुमार पटनायक ने प्रदेश में फायर सीजन शुरू होने से लेकर अब तक 163 घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन सभी पर समय रहते काबू पा लिया गया है।

श्री पटनायक ने कहा कि पीरूल आग लगने का कारण बनता था, लेकिन सरकार की मदद से अब लोग पीरूल को इकट्ठा करके दस रूपये किलो की दर से बेच रहे है।

सहायता राशि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टिहरी जिले में कल हुए वाहन दुर्घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को 2–2 लाख रुपये और घायलों को 50–50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। प्रदेश सरकार की ओर से भी उत्तराखंड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत नियमावली के तहत मृतक आश्रितों को 2–2 लाख रुपये सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ''मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष'' से मृतक आश्रितों को 3–3 लाख रुपये और गंभीर घायलों को 50–50 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुखद घड़ी में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने घायलों का समुचित और त्वरित उपचार कराए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों से लगातार संपर्क बनाए रखने और उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

दिशा बैठक

टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति– दिशा की बैठक हुई। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले के समग्र विकास को गति देने के निर्देश भी दिए। सांसद ने अधिकांश विभागों के कार्यों को लेकर संतोष जताया।

प्रभारी मंत्री समीक्षा

कैबिनेट मंत्री और चम्पावत जिले के प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी की अध्यक्षता में हुई वार्षिक जिला योजना संरचना की बैठक में 76 करोड़ 91 लाख रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं को अनुमोदित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी मंत्री ने पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही नए प्रस्तावों पर विभागवार चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को आदर्श जिले की परिकल्पना को साकार करने के लिए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने लिंगड़ा और बुरांश सहित अन्य स्थानीय उत्पादों और विपणन को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए, ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

<u>कार्यमंत्रणा समिति</u>

उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय ने कार्यमंत्रणा समिति के लिए दो सदस्यों को नामित किया है। संसदीय अनुभाग की ओर से इसकी अधिसूचना जारी की गई है। उप सचिव, लेखा, हेम चंद की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल को समिति का सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा सहदेव सिंह पुंडीर को भी कार्यमंत्रणा समिति में शामिल किया गया है। अधिसूचना के साथ ही यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

<u>मुलाकात</u>

प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उत्तराखंड के "हाउस ऑफ हिमालयाज" ब्रांड के स्थानीय उत्पादों से बनी किट भेंट की। इस दौरान कई समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई। श्री जोशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आगामी रक्षा बंधन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु औपचारिक आमंत्रण भी दिया।

<u>मतदान</u>

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड 92 दशमलव सात–दो प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। वहीं, तमिलनाडु में 85 दशमलव एक–चार प्रतिशत का अभूतपूर्व मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 सीटों पर वोट डाले गए, जबकि तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण में आजादी के बाद अब–तक का सबसे अधिक मतदान हुआ है। वही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारी मतदान को बदलाव के लिए एक बड़ा जनसमर्थन बताया और कहा कि 4 मई को मतगणना के साथ राज्य में टीएमसी का अंत हो जाएगा। पश्चिम बंगाल में बाकी 142 सीटों के लिए दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा, जबकि सभी चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।